दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 252
मुरादाबाद
(Saturday)
03 January 2026
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

सीएम योगी ने की वित्त विभाग की समीक्षा, सभी विभागों को बजट खर्च में तेजी लाने के दिये निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्त विभाग की समीक्षा बैठक में बजट खर्च करने को लेकर अफसरों को निर्देश दिए साथ ही कहा कि हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों के बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, विभागाध्यक्ष द्वारा

आवंटन, व्यय आदि की अद्धयावधिक प्रगति पर अधिक बजट प्राविधान वाले प्रमुख 20 विभागों का प्रस्तुतिकरण किया गया।जिन विभागों में बजट व्यय में प्रगति धीमी, वे लाएं तेजी, हर अधिकारी की तय हो जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख 20 विभागों के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रमुख विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग समय से आवंटन बजट का इस्तेमाल करें ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूरी हो सकें और प्रदेशवासी इन योजनाओं लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट को समय से खर्च करने के लिए अधिकारी निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, वह इसमें तेजी लाएं। साथ ही बजट को समय से खर्च करने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की

जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभाग के अधिकारी तुंरत निर्णय लें। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने में देरी से समय से बजट व्यय नहीं हो पाता है। ऐसे में निर्णय लेने में तेजी दिखाएं। विभाग मंत्री, एसीएस और प्रमुख सचिव केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए दिल्ली जाएं और पैरवी करें- मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है। इसमें तेजी लाने के लिए विभागीय मंत्री और अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर हर माह बैठक करें।

उन्होंने ने वित्त विभाग को निर्देश दिये कि जिन विभागों के आवंटन बजट के कुछ अंश को अभी तक किंहीं कारणों से जारी नहीं किया गया है, उन विभागों को तत्काल बजट आवंटित करें। उन्होंने सभी प्रमुख 20 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों को विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से बजट जारी किया जाता है। इसके लिए विभाग के मंत्री, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए पैरवी करें। इसके साथ ही केंद्र सरकार को पत्र लिखें और फोन से फालोअप करें। इसको लेकर मुख्य सचिव भी पहल करें। उन्होंने अपने कार्यालय को निर्देश दिये कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, उनको चिह्नित करें और उनके विभाग के मंत्रियों को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से पत्र जारी करें। अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की नई कार्ययोजना पर अभी से शुरू कर दें तैयारियां- मुख्यमंत्री ने बैठक में वित्त विभाग को निर्देश दिये कि अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर अभी से सभी विभागों के साथ बैठक कर बजट मांग की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि आगामी बजट को विभाग आवंटित करने से पहले उनके पिछले पांच वर्ष के खर्च के आकंलन की समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वित्त विभाग नई कार्ययोजना को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दे। वहीं, केंद्र सरकार से आगामी बजट आवंटन को लेकर बेहतर समन्वय बनाएं ताकि समय से केंद्र सरकार से बजट मिल सके।

संक्षिप्त समाचार

बरेली में भाजपा विधायक डॉ श्याम बिहारी लाल का निधन, बैठक के दौरान हुआ हार्ट अटैक; एक दिन पहले था जन्मदिन

उत्तर प्रदेश के बरेली से बड़ी खबर सामने आई है। यहां फरीदपुर से भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का निधन हो गया। वह शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री की बैठक में शामिल हुए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। बरेली में फरीदपुर से भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार को निधन हो गया। वह सर्किट हाउस में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की बैठक में मौजूद थे। बैठक के दौरान ही अचानक उनको हृदयाघात (हार्ट अटैक) हुआ था। उन्हें उनके सहयोगियों ने वहां से ले जाकर आनन फानन मेडीसिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।डॉ विमल भारद्वाज के मुताबिक सीने में अचानक तेज दर्द होने पर विधायक श्याम बिहारी लाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती किए जाने तक उनकी हालत काफी बिगड़ चुकी थी। उन्हें बचाने के लिए सीपीआर समेत तमाम चिकित्सकीय प्रयास किए, लेकिन उनकी हालत बिगड़ती चली गई। वेंटीलेटर पर लिए गए लेकिन बचाया नहीं जा सका।बता दें कि विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल ने एक दिन पहले ही अपना जन्मदिन मनाया था। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा नेता समेत तमाम लोग उनके आवास व अस्पताल पहुंच गए। फरीदपुर से दो बार चुने गए 2017 में फरीदपुर विधानसभा (आरक्षित) सीट से भाजपा के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

पीएम खामोश, दूषित पानी के मामले पर राहुल गांधी ने साधा निशाना

राहुल गांधी ने इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने एमपी की सरकार पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया और साथ ही इस पूरे मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी की वजह से हुई 15 मौतों के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने निशाना साधा। राहुल गांधी ने एक्स पर साझा पोस्ट में कहा, इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा। घर-घर मातम है, गरीब बेबस हैं - और ऊपर से BJP नेताओं के अहंकारी बयान। जिनके घरों में चूल्हा बुझा है, उन्हें सांत्वना चाहिए थी; सरकार ने घमंड परोस दिया। लोगों ने बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की - फिर भी सुनवाई क्यों नहीं हुई? राहुल गांधी ने पीएम मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल-राहुल गांधी ने सवाल उठाते हुए कहा, %सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? समय रहते सप्लाई बंद क्यों नहीं हुई? जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी? ये 'फोकट' सवाल नहीं - ये जवाबदेही की मांग है। साफ पानी एहसान नहीं, जीवन का अधिकार है और इस अधिकार की हत्या के लिए BJP का डबल इंजन, उसका लापरवाह प्रशासन और संवेदनहीन नेतृत्व पूरी तरह ज़िम्मेदार है। मध्यप्रदेश अब कुप्रशासन का एपिसेंटर बन चुका है - कहीं खांसी की सिरप से मौतें, कहीं सरकारी अस्पताल में बच्चों की जान लेने वाले चूहे, और अब सीवर मिला पानी पीकर मौतें। और जब-जब गरीब मरते हैं, मोदी जी हमेशा की तरह खामोश रहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में खरगे ने लिखा,

जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान का ढिंढोरा पीटने वाली प्रधानमंत्री मोदी हमेशा की तरह इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर मौन हैं। खरगे ने लिखा, इंदौर के पास सबसे साफ शहर का खिताब है, लेकिन भाजपा के निकम्मेपन के चलते लोग साफ पानी के मोहताज हैं।% खरगे ने बिफरते हुए लिखा, %देश 11 साल से खोखले दावे और डबन इंजन की डींगे सुन रहा है। जब मंत्री जी से सवाल पूछा जाता है तो वे गाली गलौज पर उतर आते हैं। उल्टा पत्रकार पर हावी हो जाते हैं। जल जीवन मिशन समेत हर योजना में भ्रष्टाचार और धांधली है। मोदी सरकार देश को न साफ पानी मुहैया करा पा रही है और न ही स्वच्छ हवा। आम जनता भुगत रही है।

बांग्लादेश से रिश्ते सुधारना मोदी सरकार की असली परीक्षा, विदेश नीति पर ओवैसी की भाजपा को खरी-खरी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि बांग्लादेश के साथ पुराने रिश्तों को बहाल करना मोदी सरकार की असली परीक्षा है। उन्होंने बांग्लादेश की स्थिरता को भारत की सुरक्षा के लिए अहम बताया। भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ते तनाव के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मोदी सरकार को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के साथ पुराने और भरोसेमंद रिश्तों को फिर से मजबूत करना केंद्र सरकार की असली परीक्षा है। ओवैसी ने साफ कहा कि पड़ोसी देश की स्थिरता भारत की सुरक्षा से सीधे जुड़ी है, खासकर पूर्वोत्तर राज्यों के लिए।हैदराबाद में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ओवैसी ने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक हालात और भारत-बांग्लादेश संबंधों में किसी भी तरह की गिरावट भारत के हित में नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के रिश्तों में आगे कोई और तनाव नहीं आएगा और संवाद के जरिए भरोसा बहाल किया जाएगा।बांग्लादेश की स्थिरता पर जोर- ओवैसी ने कहा कि बांग्लादेश की स्थिरता भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है, खासकर पूर्वोत्तर क्षेत्र में। उन्होंने इसे रणनीतिक दृष्टि से अहम बताते हुए कहा कि अगर पड़ोसी देश अस्थिर होता है तो इसका असर सीमा सुरक्षा, आंतरिक स्थिरता और क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ सकता है। उनके मुताबिक, इस चुनौती से निपटना मोदी सरकार की बड़ी जिम्मेदारी है।चीन के दावे पर सवाल ओवैसी ने चीन के उस दावे पर भी कड़ा एतराज जताया, जिसमें कहा गया कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की थी। ओवैसी ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस दावे का आधिकारिक रूप से खंडन करे। उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान को हथियार और खुफिया मदद देता रहा है, ऐसे में उसकी मध्यस्थता का दावा भारत के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकता। ऑपरेशन सिंदूर और भारत का रुख- ओवैसी ने याद दिलाया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने साफ किया था कि संघर्ष का समाधान किसी तीसरे पक्ष के बिना, सीधे सैन्य स्तर पर बातचीत से हुआ। भारत का रुख स्पष्ट है कि किसी भी तरह की बाहरी मध्यस्थता स्वीकार नहीं की जाएगी। इस मुद्दे पर देश को भरोसे में लेना चाहिए। इसके साथ ही ओवैसी ने इंदौर जल प्रदूषण हादसे को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार बुनियादी सुविधाएं देने में नाकाम रही है और केवल राजनीतिक कार्रवाई पर ध्यान दे रही है। उन्होंने दावा किया कि स्वच्छ पानी जैसी जरूरी सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

इंदौर में काल बना दूषित पानीः CM मोहन ने आयुक्त से मांगा जवाब;अपर आयुक्त, प्रभारी अधीक्षण यंत्री पर गिरी गाज

इंदौर में दूषित पानी पीने से 15 मौतों और 100 से अधिक लोगों के बीमार होने के मामले में जांच जारी है। सीएम मोहन यादव ने घटना को लेकर आयुक्त से जवाब मांगा है और अपर आयुक्त तथा प्रभारी अधीक्षण यंत्री पर एक्शन लिया है। वहीं, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय और पार्षद ने साजिश की आशंका जताई है। इंदौर में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत और 100 से अधिक लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया है। कई अन्य लोग भी बीमार पड़े हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन किया है। इस गंभीर घटना को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर नगर निगम आयुक्त से जवाब मांगा है, जबकि अपर आयुक्त और प्रभारी अधीक्षण यंत्री पर कड़ा एक्शन लिया है। इधर, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने घटना को लेकर साजिश की आशंका जताई है।

वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना को लेकर सोशल मीडिया ङ्क पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा कि आज सुबह मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ इंदौर के दूषित पेयजल प्रकरण में राज्य शासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव (नगरीय प्रशासन एवं विकास) द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर भी चर्चा की।उन्होंने आगे लिखा कि इंदौर नगर निगम आयुक्त और अपर आयुक्त को इस सम्बन्ध में कारण बताओ नोटिस जारी करने, अपर आयुक्त को तत्काल इंदौर से हटाने और प्रभारी अधीक्षण यंत्री से जल वितरण कार्य विभाग का प्रभार वापस लेने के निर्देश दिए।

इंदौर नगर निगम में आवश्यक पदों पर तत्काल प्रभाव से पूर्ति करने के निर्देश भी दिए।पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि मामले की जांच अभी चल रही है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि इतनी अधिक मौतों का वास्तविक कारण क्या था। उन्होंने यह भी कहा कि केवल गंदे पानी से इतनी मौतें होना संभव नहीं लगता और इसके पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।जांच रिपोर्ट का इंतजार- घटना को लेकर विभिन्न स्तरों पर जांच जारी है। प्रशासन और सरकार की ओर से गठित टीम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौतों के पीछे के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

संपादकीय Editorial

A Basket of Himachali Products

The upcoming MSME Fest in Shimla, aimed at elevating traditional skills to new heights, is generating considerable excitement and curiosity. The theme, "One District, One Product Basket," showcases the land's treasure, a platter of traditions, and the entrepreneurship of self-reliance. For example, in addition to Chamba handkerchiefs, Kangra paintings, and traditional Kullu shawls, the new Himachal will be recognized through agricultural product processing, amla processing, steel furniture, packaging, mushrooms, technological advancement in tourism, seabuckthorn, chulli oil, and Kangra tea, along with their strengths in e-commerce and trade relations with national demand. This will undoubtedly inspire domestic, small, and medium-sized industries to increase demand for their products. Understanding Himachal's products, markets, and new styles will reveal the rural soil, innovation, the need for self-employment, the potential for startups, and the diversity of industries. For example, the catechu industry in Una, in addition to traditional trade, is a strong support for the rural economy and forest products. The roti, sold as prasad at the Deotsidh temple, is a commercial product with its own uniqueness and potential, offering a future for the state's unique heritage. Similarly, products like Jwalamukhi Peda and Dhoop (incense) create a distinct market niche. If hard work is put into Chamba's chappals and chukh, the business landscape will change. Similarly, if the design, decoration, and cost of Himachal's traditional jewelry are improved through trade, every district will yield a wealth of products. While some major jewelry brands can give Himachal's traditional jewelry a commercial touch, the Department of Industry's intervention can showcase traditional markets in their new potential. It's heartening to see the government organizing products of all kinds and giving the market a voice. While the Department of Industry is leading this campaign, departments like Rural Development, Urban Development, and Tribal Development must ensure the survival of these original sources. Himachal's traditional food is not the only commercial powerhouse, but some remedies can also offer health benefits. Regardless of how many products will bring fame to their respective districts on the Ridge between January 3rd and 5th, the initiative must be truly protected and promoted. Items can be displayed, but preserving centuries of manufacturing practices requires a focus on education. Today, the entire Bharmour region has descended to Kangra, Kinnaur has found shelter in Solan and Chandigarh, and Pangi and Lahaul have ventured into the spring of Kullu and Manali. Therefore, policies and advocacy are needed to promote traditional or local products. Community schools and colleges are needed that protect every product in the environment. For example, if the college in Nagrota Surian is transformed into the State College of Fisheries Studies and entrepreneurship is promoted there, the fisheries industry will foster self-reliance and a market. If the college, harnessing the potential of Kullu's handicrafts, is transformed into a symbol of international standards in design and production, it will be more than just shawls and mufflers, but a new fashion marvel from Himachal. We believe that certain schools and colleges should be granted state-level status, aligned with their mission to address industries and traditional products. A state-level industrial and management college should be established in the BBN region, while the goals of every university in the state should include not only undergraduate and postgraduate status, but also the emergence

It is necessary to save the Aravalli; a new definition is scientifically and ecologically dangerous.

The Supreme Court's recent decision has provided an opportunity to advance this debate in a scientific, geological, and ecological context, and has signaled a need to re-evaluate it with administrative accountability and judicial discretion. The Supreme Court stayed the old definition of the Aravalli. The 100-meter height limit was ecologically dangerous. The formation of an expert committee is proposed for scientific review. Recently, the Supreme Court stayed its own decision regarding the definition of the Aravalli range. That decision had approved the recognition of only hills with a height of 100 meters as Aravalli. As a result, many smaller, but ecologically important landforms could have been excluded from legal protection. This has led to environmental protests and legal questions. The Supreme Court, while staying its previous decision, stated that a scientific, environmental, and legal review is necessary before it can be implemented. The court has proposed the formation of an expert committee to comprehensively study all issues related to the definition, mining regulations, protected areas, and ecological sustainability. The latest decision indicates that the Supreme Court itself recognizes the scientific and ecological implications of its earlier decision. The Supreme Court's November 20, 2025, order approving a uniform definition of the Aravalli Range has long been presented as administrative clarity. This order could undermine the legal and ecological protections of India's oldest mountain range, especially when it is already under unprecedented pressure. The Aravalli Range is a geological system approximately two billion years old, controlling groundwater recharge, preventing desertification, moderating climate, and supporting the livelihoods of millions of people in northwest India. Defining it solely by altitude was not only scientifically incorrect but also ecologically dangerous. The committee whose report based the said order acknowledges that slope and elevation vary widely across the Aravalli landscape. According to the committee, the average slope in 23 of the 34 Aravalli districts is less than six degrees, while in 12 districts it is less than three degrees. The report correctly concluded that using slope and elevation alone as criteria would increase discrepancies. Despite this, the final recommendation upheld the 100-meter threshold. This contradicted the fundamental principles of scientific reasoning and administrative discretion. The 100-meter threshold was arbitrary in Indian geomorphological conditions. The average elevation in the Aravalli districts ranges from 100–200 meters in some areas to over 600 meters in only one district. Applying a uniform threshold in such diversity is contrary to the principles of the Geological Survey of India and the Survey of India. Similarly, the 500-meter "range connectivity rule" was also worrying. It states that two or more hills within 500 meters would be considered one Aravalli range. This has no geological basis and no precedent in Indian mountain system mapping. Of greatest concern was the committee's suggestion to allow mining of critical minerals in the Aravalli regions. This would have opened the legal door to mining in the most fragile core areas. The Aravalli is not less fragile, but more fragile. The Aravalli Range stretches across Rajasthan, Haryana, Delhi, and Gujarat. Its rocks are old and fragile. The Supreme Court has repeatedly recognized the Aravalli Range as an ecological shield against desertification. Any definition that reduces this protection limit is contrary to both science and judicial practice. The Aravalli Range is an ancient geological, water-cycle, and ecological system that sustains water resources, desertification control, and local life in northwest India. The Aravalli crisis will not be resolved by short-term administrative measures. Sustainable, science-based solutions are required. Environmentalists have been advocating for the establishment of a National Aravalli Development Authority. Mining in environmentally sensitive areas such as ridgetops, forested hills, and wildlife corridors should be completely banned, without any blanket exemptions, because once mined, the Aravalli Range can never be restored. The Aravallis must receive permanent legal recognition, either as an environmentally sensitive area under the Environment Protection Act, 1986, or by creating a new legal category as India's ancient mountain heritage system. The Aravallis cannot be defined solely by altitude. They are a geological, hydrological, and ecological system that sustains northwest India. If we weaken its definition, its protection will be weakened tomorrow, and by the time we see the damage, it will be too late. The Supreme Court's recent decision provides an opportunity to advance this debate in scientific, geological, and ecological terms, and to reassess it with administrative accountability and judicial discretion.

Weak links need to be addressed, and PM Modi will have to make some tough decisions.

A nightclub in Goa was a prime example of gross negligence at the administrative and administrative level. A fire at the club killed 25 people and injured many others. The club was operating without several necessary approvals. Its entry and exit routes were so narrow that they posed significant obstacles to rescue and relief operations. The Indigo crisis, Aravalli mining, and Delhi pollution are major challenges. A lack of capable ministers and bureaucrats in governance and administration. Prime Minister Modi needs to make tough decisions. The new year has brought some new challenges. The country, and especially Prime Minister Modi, must face these challenges. Naturally, some of these challenges have links to the previous year. Prime Minister Modi skillfully handled the challenges arising from the uncertainty created by Donald Trump's policies in a However, the issues of the Indigo capital's pollution remain relief granted to a former MLA also shocking. However, the Court's decision. The people nightclub fire were also victims corruption. It was also during the last quarter of the Prime Minister lacks competent central level but also at the state a transparent and effective why did the aviation regulator of the market? How did it receive

global framework plagued by instability. crisis, Aravalli mining, and the national extremely troubling. The Delhi High Court's serving a sentence for raping a minor was Supreme Court later overturned the High burned alive in the devastating Goa of the state government's incompetence and unfortunate that all such cases occurred year, which in turn demonstrates that the ministers and bureaucrats, not only at the level, who can help implement the plans of government. Regarding the Indigo case, allow this company to capture 65 percent such permission to expand its operations that it could manipulate the regulator? Consequently, questions about the structure and functioning of the DGCA are natural. Are its officials competent enough to discharge their duties, or are they merely bureaucrats appointed to it? These questions remain unanswered even weeks after a significant portion of air traffic was virtually halted in early December. Regarding the Aravalli issue, the Union Environment Ministry defended the Supreme Court's November decision on the matter. However, the Supreme Court later decided to stay that decision. In November, the court accepted a bizarre definition provided by a government-appointed "expert panel," categorizing the Aravalli Hills as hills 100 meters or higher. While the ministry vehemently defended the opinion of its so-called "expert committee," the Supreme Court took a contrary stance in its latest order. As for the government's "expert committee," most of its members were bureaucrats, not environmental experts. Media questions played a significant role in the shift in stance on this issue. It was also through the media that the shocking information emerged that the government expedited the approval of dozens of mining leases immediately after the Supreme Court's November decision. If this is true, it highlights the profound irony of the mining mafia's influence on the entire landscape. The government's failure to provide timely clarity on this issue has damaged its image. It's no secret that the capital, Delhi, is setting new records in terms of pollution, but the Environment Ministry has done nothing significant to change this situation. Last year, the AQI reached 500 to 1,000 on certain days, but the Environment Ministry prioritized blame-shifting instead of addressing any issues. Sometimes, the finger was pointed at stubble burning, sometimes at the Aam Aadmi Party. The Delhi government also appeared inactive in formulating an effective plan to combat pollution. As a result, Delhi has become an extremely dangerous city to live in. People are feeling helpless. This is also damaging the image of the central government. In the final days of last year, the Delhi High Court's relief granted to former MLA Kuldeep Singh Sengar, convicted in the Unnao rape case, was also a topic of discussion. The Solicitor General, representing the CBI, appealed for a stay on the High Court's order, and the Supreme Court overturned the High Court's decision. Sengar was expelled from the BJP a few years ago after the case surfaced, but the key question remains: why was such a person inducted into the BJP in the first place? This entire case raises numerous legal questions, as Sengar is also in jail for the murder of the victim's father. The media's stance also played a significant role in the crackdown on Sengar. The Goa nightclub was also a glaring example of gross negligence at the administrative and administrative level. A fire at the club killed 25 people and injured many more. The club was operating without several necessary approvals. Its entry and exit routes were so narrow that they hampered rescue and relief operations. Was this not foreseeable? Therefore, it's natural to question whose authority secured the club's license and whose responsible personnel ensured security. Why didn't they understand their responsibility to take care of the arrangements? Given this scenario, it's essential to say that the time has come for the Prime Minister to make some tough decisions. He will have to make some tough decisions, from the composition of the Union Cabinet to those who run the governments in BJP-ruled states. Otherwise, unpleasant incidents will negatively impact his image. To avoid such a situation, he must take a firm stand immediately.

रफ्तार का कहर: मुरादाबाद जिले में एक साल में 340 की जान गई, दुर्घटना की सूचना देने वाले को मिलेंगे 25 हजार

मुरादाबाद जिले में वर्ष 2024-25 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई। इसमें 340 लोगों की मौत और 800 से अधिक लोग घायल हुए। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ पर अधिकारियों ने तेज रफ्तार को दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बताते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के सख्त पालन और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। मुरादाबाद जिले में सड़क दुर्घटनाओं में पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में सड़क दुर्घटनाओं में 340 लोगों ने अपनी जान गंवाई है, साथ ही 800 लोग घायल भी हुए हैं। यह आंकड़ा चिंता का विषय है, इस कम किया जाना आवश्यक है। यह बात बृहस्पतिवार को संभागीय परिवहन कार्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ के मौके पर कही गई। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने दीप जलाकर किया। इस दौरान 20 ऑटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-2025 में कई भीषण दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें अनेक लोगों ने अपना जीवन खोया है।सभी सड़क दुर्घटनाओं का कारण लोगों द्वारा लंबी दूरी की यात्रा को कम से कम समय में तय करने के लिए तेजगति से वाहनों को चलाना है। पुलिस अधीक्षक (यातायात) ने बताया कि वर्ष 2024-2025 में जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 340 लोगों की मौत व 800 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या पांच गुना बढ़ी है। इसे कम करने के लिए प्रयासों को तेज करना होगा।

आरटीओ(प्रशासन) राजेश सिंह ने कहा कि एनसीसी के कैडेट्स जिस प्रकार से एनसीसी के प्रशिक्षण के दौरान नियमबद्ध अनुशासित रहते हैं। उसी प्रकार यह सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सजग, जागरूक रहेंगे और उनका पालन करेंगे, तभी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी।

इस मौके पर एआरटीओ (प्रशासन) आंजनेय सिंह, एआरटीओ (प्रवर्तन) आनंद निर्मल, एआरटीओ हरिओम, मालकर अधिकारी नरेंद्र सिंह छाबड़ा, एआरएम प्रेम सिंह, एआरएम राजवती आदि मौजूद रहे।दुर्घटना की सूचना देने वाले को मिलेंगे 25 हजार

आरटीओ(प्रशासन) राजेश सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले व्यक्तियों की मदद के लिए राह-वीर योजना का संचालन किया गया है।

इसमें किसी भी सड़क दुर्घटना की सूचना 108, 112 नंबर पर देने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को जिला अस्पताल लाने वाले लोग अपने विषय में कोई भी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध नहीं कराते हैं। इसके कारण वह राह-वीर योजना का लाभ नहीं ले पाते हैं।

शिक्षक एमएलसी चुनाव: सभी दलों ने कसी कमर... बनाए गए 7385 मतदाता, मतदान की तारीख जल्द होगी घोषित

शिक्षक एमएलसी चुनाव की तिथि अभी घोषित नहीं हुई है। इसके बाद भी मुरादाबाद-बरेली निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा, सपा और कांग्रेस ने संगठन स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। सपा ने हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर को प्रत्याशी घोषित कर अभी प्रत्याशी तय किए बिना मतदाता सूची और ने शिक्षक एमएलसी चुनाव न लड़ने का फैसला घोषित नहीं की गई है लेकिन मुरादाबाद-बरेली संगठन स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। अभी तक नहीं किया है। भाजपा ने बूथ स्तर पर शिक्षक काफी जोर लगाया था।इसी प्रकार सपा और कांग्रेस आकाश पाल का कहना है कि अभी पार्टी की संगठन स्तर पर वोट बनवाने के लिए प्रयास किया साथ सक्रिय हो जाएगा।सपा ने हाजी मोहम्मद कर दिया था। सपा की तरफ से लगातार चुनाव को प्रत्याशी घोषित नहीं किया है लेकिन संगठन पाठक कोआर्डिनेटर भी नियुक्त किया है। उनका है। बसपा ने शिक्षक एमएलसी चुनाव में उतरने से निर्मल सागर का कहना है कि पार्टी ने किसी को एमएलसी का चुनाव नहीं लड़ेगी। शिक्षक एमएलसी निर्वाचन को 7385 मतदाता बनाए - शिक्षक एमएलसी निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन छह जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन करेगा। जिले में 7385 शिक्षक मतदाता बनाए गए हैं। जिला प्रशासन ने शिक्षक एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र मुरादाबाद-बरेली के लिए दावे और आपत्तियों का निस्तारण लगभग पूरा कर लिया है। इस मामले में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन छह जनवरी को किया जाएगा। जिला उप निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बताया कि मतदाता सूची में मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र के 4590 शिक्षक मतदाता, कांठ के 957, ठाकुरद्वारा के 959, बिलारी तहसील क्षेत्र के 879 मतदाता शामिल हैं। सूची के अंतिम प्रकाशन की तैयारी पूरी कर ली गई है। बता दें कि मुरादाबाद-बरेली एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र में नौ जिले शामिल हैं।

प्रचार तेज कर दिया है, जबकि भाजपा और कांग्रेस संगठनात्मक मजबूती पर काम कर रही हैं। बसपा किया है।शिक्षक एमएलसी निर्वाचन के लिए तिथि निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा, सपा और कांग्रेस ने सपा को छोड़कर अन्य दलों ने प्रत्याशी भी घोषित मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए ने अपने हिसाब से तैयारी की है। भाजपा जिलाध्यक्ष तरफ से प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है लेकिन गया है। प्रत्याशी घोषित होने पर पूरा संगठन उसके दानिश अख्तर को अक्तूबर में ही प्रत्याशी घोषित प्रचार भी किया जा रहा है। कांग्रेस ने अभी किसी स्तर पर तैयारी चल रही है। कांग्रेस ने सुधीर कहना है कि अभी पार्टी ने प्रत्याशी तय नहीं किया मना कर दिया है। इस मामले में बसपा के जिलाध्यक्ष प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। पार्टी शिक्षक

नए साल के पहले दिन पुलिस का टोटका, गुडवर्क दर्ज कर केस की शुरुआत, एआई के दौर में अभी भी कामय यह प्रथा

एआई और साइबर क्राइम के बढ़ते दौर के बीच यूपी पुलिस ने साल के पहले दिन शुभ संकेत मानते हुए गुडवर्क की प्राथमिकी से शुरुआत की। इसके तहत नशीले पदार्थों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी से जुड़े मामले दर्ज किए गए। इसकी तैयारी थाना प्रभारियों ने पहले से कर रखी थी।बढ़ते एआई के चलन और साइबर क्राइम के इस दौर में पुलिस टोना टोटका के चक्कर में फंसी है। साल के पहले दिन पुलिस ने गुडवर्क की प्राथमिकी से शुरुआत की है। इसके पीछे पुलिस का तर्क है कि साल भर अच्छा रहता है। थाना प्रभारियों ने 31 दिसंबर को इसकी तैयारी कर ली थी।कुछ थानों में दूसरी तहरीर आई तो पहले गुडवर्क की प्राथमिकी दर्ज की हैं। नशीले पदार्थों की बरामद की और आरोपियों से गिरफ्तारी से संबंधित मामले दर्ज की किए गए हैं। थाना प्रभारियों ने भी चौकी इंचार्ज और दरोगाओं को एक दिन पहले ही बता दिया था कि वह अपने अपने क्षेत्र में अभियान चलाएं और आरोपियों की गिरफ्तारी करें।सिविल लाइंस में तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

सिविल लाइंस थाने में पहली प्राथमिकी तमंचा बरामदगी से संबंधित में दर्ज की है। सब इंस्पेक्टर विनीत कुमार ने कटघर के रहमत नगर निवासी इमरान के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि वह संदिग्ध हालत घूम रहे इमरान को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसे तमंचा और कारतूस बरामद हुए। आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। बिलारी में जुआ खेलते पकड़े आरोपी - बिलारी थाने में एसआई विपिन कुमार ने बिलारी के हरौरा गांव पिनवासी सुरेश और उसके अन्य साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें बताया गया कि आरोपी जुआ खेल रहे थे। 13 जी एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई है। भोजपुर में गैंगस्टर एक्ट में प्राथमिकी दर्ज - भोजपुर थाने में इंस्पेक्टर संजय कुमार की ओर से गैंगस्टर एक्ट में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें बताया गया कि भोजपुर के वाजिद नगर निवासी शौकीन पहलवान, मुर्सरत, नजर मोहम्मद, आस मोहम्मद और निजाम गैंग बनाकर पशुओं की तस्करी करते हैं। शौकीन पहलवान इस गिरोह का सरगना है जबकि बाकी आरोपी सदस्य हैं। कटघर में तीन आरोपी गिरफ्तार, सोने के जेवर बरामद - कटघर थाने में भी पुलिस ने गुडवर्क के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। एसआई सुनील राठी की ओर दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि गलशहीद के कटार शहीद निवासी शान मोहम्मद, उसके भाई गुल मोहम्मद, कटघर के रहमत नगर निवासी इस्तियाक से तलाशी में 216 ग्राम सोने के जेवर बरामद हुए हैं। बृहस्पतिवार को पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी जेल भेज दिए गए हैं।

हिंसा के साजिशकर्ता शारिक साटा के खिलाफ फिर केस... संपत्ति होगी कुर्क, मस्जिद और मदरसा होगा ध्वस्त

संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल के मुख्य साजिशकर्ता शारिक साटा की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी है। शारिक साटा पर हत्या, बवाल की साजिश समेत गंभीर आरोप हैं। उधर, सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद और मदरसे को ध्वस्त किया जाएगा। संभल में 24 निवासी शारिक साटा की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी है। आरोपी के में हाजिर नहीं होने के चलते विवेचकों ने कराई है।इसी क्रम में अब जाना है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि शारिक साटा के दीपा था।उसकी अवधि भी पूरी निकल गई है लेकिन आरोपी न्यायालय में हाजिर दर्ज कराई है। एसपी ने बताया कि शारिक साटा के खिलाफ मुख्य अपराध मामले दर्ज हैं।शारिक साटा के गिरोह के सदस्य मुल्ला अफरोज, गुलाम और भी कार्रवाई हो चुकी है। शारिक साटा ने इन्हीं तीन गुर्गों को हथियार जबकि 28 पुलिसकर्मी और एक एसडीएम घायल हुए थे। मालूम हो शारिक

अलावा हथियार, सोना और नकली नोट की तस्करी करने के आरोप में घिरा है। उसके संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी दिल्ली पुलिस को मिल चुके हैं। सरकारी जमीन पर कब्जा कर मस्जिद करवाई तैयार- गांव सलेमपुर सलार उर्फ हाजीपुर निवासी मस्जिद के मुतवल्ली हाजी शमीम पर आरोप है कि उन्होंने 439 वर्ग मीटर अवैध कब्जा कर मस्जिद का निर्माण किया है। इसके नजदीक ही मस्जिद से पहले का बनाया गया मदरसा है। वह भी सरकारी जमीन पर है। इसको राजस्व विभाग ने अवैध माना है। 14 जून 2018 को दी आख्या के आधार पर तहसीलदार के न्यायालय में मामला चला। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर सरकारी जमीन ही तय हुई और मुतवल्ली को बेदखल करने के निर्देश हुए। अब कब्जा मुक्त करने की कार्रवाई आगे बढ़ रही है। करीब आठ लाख रुपये मुतवल्ली पर जुर्माना भी लगाया गया है। प्रशासन ने लोगों ने इस निर्माण को खुद ही तोड़ने को कहा है।

नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में मुख्य साजिशकर्ता दीपा सराय खिलाफ धारा 209 बीएनएस के तहत तीन रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। यह कार्रवाई न्यायालय बृहस्पतिवार को एसआईटी ने आरोपी की संपत्ति की जांच की है। जिसको कुर्क किया सराय स्थित घर पर एसआईटी ने बीएनएसएस की धारा 84 के तहत नोटिस चस्पा किया नहीं हुआ। इसी क्रम में एसआईटी में शामिल इंस्पेक्टर मेघपाल ने नखासा थाने में रिपोर्ट संख्या 340/24 और 306/24 में हत्या, बवाल की साजिश व अन्य गंभीर अपराध के वारिस को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें मुल्ला अफरोज के खिलाफ एनएसए के तहत उपलब्ध कराए थे और बवाल में गोली चलवाई थी। जिसमें आम लोगों की जान गई थी। साटा दुबई में रहकर अपना गिरोह चलाता है। वह देश का बड़ा वाहन चोर है। इसके

संक्षिप्त समाचार

कब्रिस्तान की जमीन पर अतिक्रमण में 48 लोगों को नोटिस, जामा मस्जिद क्षेत्र में प्रशासन की कार्रवाई

संभल में जामा मस्जिद से सटे कब्रिस्तान की भूमि पर कथित अतिक्रमण के मामले में प्रशासन ने 48 लोगों को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है। 30 दिसंबर को भारी सुरक्षा के बीच हुई पूरे क्षेत्र में नापजोख की गई थी। जवाब संतोषजनक न होने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।विवादित जामा मस्जिद-श्री हरिहर मंदिर क्षेत्र से सटी कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। इस संबंध में 48 लोगों को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा है।अधिकारियों के अनुसार, कोटपूर्वी इलाके में स्थित इस भूमि की पैमाइश 30 दिसंबर को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कराई गई थी। यह कार्रवाई कब्रिस्तान की जमीन पर मकान और दुकानों के अवैध निर्माण की शिकायत मिलने के बाद की गई थी।नाप-जोख के दौरान राजस्व विभाग की टीम ने कथित अतिक्रमण की स्थिति का आकलन किया। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जांच में 48 लोग अनधिकृत रूप से भूमि पर कब्जा किए पाए गए, जिन्हें शुक्रवार को नोटिस सौंपे गए हैं। सभी को 15 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया है। जवाब मिलने के बाद उनकी विधिक जांच की जाएगी। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया तो प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। तहसीलदार ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट में 22 मकान और दुकानों का जिक्र था लेकिन मौके पर कई परिवार निवास करते मिले। इसी कारण प्रत्येक कब्जाधारी को अलग-अलग नोटिस जारी किया गया। इससे इसकी संख्या बढ़कर 48 हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, शिकायत में बताया गया है कि प्लॉट संख्या 32/2 की लगभग 4780 वर्ग मीटर भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। माना जा रहा है कि यह अतिक्रमण 60 से 65 वर्ष पुराने हैं। इसी तथ्य को स्पष्ट करने के लिए राजस्व विभाग ने भूमि मापन की प्रक्रिया पूरी की है। प्रशासन ने साफ किया है कि पूरी कार्रवाई कानून के दायरे में रहकर की जा रही है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री ने जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक

स्कूलों में नैतिक शिक्षा व खेलों पर दिया जाए जोर- मा0 धर्मपाल सिंह

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में वर्ष 2026 के बरेली के प्रस्तावित मुख्य विकास कार्य, पंचायत चुनाव व अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं, मकर संक्रांति के अवसर पर कानून व्यवस्था सम्बन्धी बैठक सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई।

सर्व प्रथम सभी को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2025 बरेली में शासन व प्रशासन द्वारा बहुत अच्छा कार्य हुआ है,

जिसके कारण जनता का रुख बदला तथा बरेली की जनता ने इसे सराहा है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने भी कहा कि यदि किसी को कानून का पाठ पढ़ना है तो बरेली से सीखें। उनके द्वारा उत्तम कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए बरेली का उदाहरण दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार की निर्णायक, नीतियों व दृष्टिकोण 2025 में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। वर्ष-2026 भी अच्छा रहे, इसके लिये ध्यान देना होगा। बरेली में किसानों को खाद, बीज, सिंचाई, बिजली की उपलब्धता तथा पशुपालन पर भी ध्यान दिया जाए। पशुपालकों की संख्या घटती जा रही है, दूध सभी को शुद्ध चाहिये लेकिन पशुपालन कोई नहीं करना चाहता, चारे का रकबा भी निरंतर उ.प्र. में कम होता जा रहा है। अत: इस ओर विशेष रुप से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बकरी/सुअर/भेड़/मुर्गी पालन की योजनाओं में बैंक सहयोग करें, जिससे आमजन को लोन मिल सकें और इसे अपना सकें।

मंत्री जी ने कहा कि बरेली पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। नाथ नगरी में शिव मंदिरों के कारण नाथ कॉरिडोर विकसित हो रहा है। अत: पर्यटकों के आवागमन के दृष्टिगत कनेक्टीविटी पर भी ध्यान दिया जाये और हवाई यात्रा उड़ाने बढ़ायी जाएं।

मंत्री जी ने कहा कि स्कूलों में नैतिक शिक्षा व खेलों पर जोर दिया जाए, जिससे नई पीढ़ी मोबाइल की लत से दूर रह सकें। ठण्ड के दृष्टिगत समस्त नगर निकायों में अलाव व रैन

बसेरों को सक्रीय रखा जाए। आगामी में मकर सक्रांति व माघ पूर्णिमा को सफलता पूर्वक आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही साइबर अपराधों को रोकने हेतु कदम उठाने के भी निर्देश दिए गए।

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ0 अरूण कुमार ने कहा कि हर खेत पर मेड़ और हर मेड़ पर पेड़ लगाए जाने का संदेश दिया। नगर निगम की बसों को पुन: तहसील स्तर तक संचालित किए जाने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा कहा गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत कृषि के अन्तर्गत खेती के साथ मछली पालन व अन्य पशुपालन भी जनपद के कृषकों द्वारा अपनाया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योजना में जनपद प्रदेश में चौथे नम्बर पर है, युवाओं को व्यवसाय के लिए ऋण दिया जा रहा है। खाद की कालाबाजारी को रोकने स्थानीय स्तर पर नीति बनायी गयी है, जिला कृषि अधिकारी और कॉपरेटिव के माध्यम से प्रतिदिन रिपोर्ट ली जाती है। बिजली की व्यवस्था भी ठीक है, अधिकांश ठण्ड के कारण वर्तमान में बिजली की खपत अधिक है, इसलिए कुछ समस्या आ रही है।

ओटीएस के अन्तर्गत लोग अपना बिल समायोजित करा रहे हैं, जिससे राजस्व की प्राप्ति हो रही है।

अयोध्या की तर्ज पर नाथ नगरी को भी विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। चार धाम हेतु हवाई यात्रा शुरु किए जाने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

एसएसपी ने बताया कि साइबर क्राइम की शिकायत दर्ज करवाने हेतु 1930 पर कॉल कर सकते हैं। इस पर शिकायत दर्ज करवाने को पीड़ित के खाते पर धन निकासी के लिए रोक लगा दी जाती है, जिससे पीड़ित का आर्थिक नुकसान होने से बच जाता है। उन्होंने बताया कि फर्जी आईडी पर सिम कार्ड बेचने वालों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की जा रही है।

बैठक में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ0 अरूण कुमार, सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य हरिसिंह ढिल्लो व बहोरन लाल मौर्य, विधायक नवाबगंज एमपीआर्य, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, फरीदपुर विधायक श्याम बिहारी लाल, कैण्ट विधायक संजीव अग्रवाल, विधायक मीरगंज डॉ0 डीसी वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र दुग्विजय सिंह शाक्य, बरेली जिलाअध्यक्ष सोमपाल शर्मा, जिलाअध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुखगण सहित अधिकारियों में मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस0 चौधरी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

मुठभेड़ एक गोकश के पैर में लगी गोली, एक गिरफ्तार दूसरा फरार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में बीती देर रात गोकशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। सैदपुर बाग के पास हुई इस मुठभेड़ में एक गोकश के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही भी घायल हुआ है। इज्जतनगर पुलिस गुरुवार रात चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान सैदपुर चुन्नीलाल की ओर से स्कूटी पर आ रहे दो संदिग्ध स्कूटी सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया। इस पर वे दोनों भागने लगे और स्कूटी फिसलने से गिरे तो एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

बैरियर 2 से बड़ा बाईपास मार्ग तक बीडीए ने किया चौड़ीकरण का कार्य शुरू , राहगीरों को जाम से मिलेगी निजात

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। एयरपोर्ट कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने और लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने बैरियर 2 से बड़े बाईपास मार्ग तक चौड़ीकरण का कार्य बीते दिवस शुरू कर दिया है।

इस कार्य का उद्घाटन बीडीए उपाध्यक्ष डॉ मनिकंडन ए. ने किया। वहीं मार्ग को निरीक्षण कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। इस संबंध में बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने बताया कि चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण होने पर होने से शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ता और सुगमता मिलेगी। शहर में निरंतर बढ़ रहे यातायात दबाव के चलते शहर में आने-जाने वाले नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और सुचारू यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस परियोजना को प्राधिकरण की नगरीय अवस्थापना निधि के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, बरेली एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को और अधिक सशक्त एवं सुगम बनाने के लिए भी यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस मार्ग के चौड़ीकरण से पीलीभीत, लखनऊ एवं अन्य प्रमुख मार्गों से आने-जाने वाले वाहनों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। वहीं इस कार्य को गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ ही पूर्ण कराने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं।

श्रीहरि मंदिर महिला मण्डल द्वारा सेवा में एक कदम और बढ़ाया

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। श्रीहरि मंदिर महिला मंडल द्वारा अध्यक्ष रेनू छाबड़ा के नेतृत्व में सेवा में एक कदम और बढ़ाते हुए पुन: कड़कड़ाती ठंड में राहगीरों के लिए पुलाव एवं चाय का वितरण श्रीहरि के मुख्य द्वार पर शुक्रवार को सेवा की गई। सेवा में अध्यक्ष रेनू छाबड़ा ,उपाध्यक्ष कंचन अरोरा, नीलम साहनी, नेहा आनंद, सीमा तनेजा,अलका छाबड़ा, सोनिका आहुजा आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों को फाइलों के साथ- साथ अब पढ़ना होगा क्रिमिनल लॉ

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत पीसीएस अधिकारियों को क्रिमिनल लॉ, नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट, आरटीआई, साइबर सिक्योरिटी जैसे छह पाठ्यक्रम पूर्ण करना है। इस संबंध में विशेष सचिव विनीत प्रकाश ने सभी जिलों को पत्र जारी किया है। पत्र के बाद डीएम ने एडीएम एफ/आर को संबंधित अधिकारियों का प्रशिक्षण पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। मिशन कर्मयोगी के आईजीओटी पोर्टल पर उत्तर प्रदेश प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों के लिए जीरो से 9, 9 से 16 और 16 से 25 वर्ष की सेवा अवधि के अनुसार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। हर अधिकारी को छह पाठ्यक्रम पूर्ण कर प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। इनमें तीन पाठ्यक्रम कंपलसरी कोर्स की श्रेणी में रखे गए हैं। ऑप्शनल कोर्स कैटेगरी में रखे पाठ्यक्रमों में किन्हीं तीन को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना है। शून्य से 9 वर्ष की सेवा अवधि वाले अधिकारियों के क्रिमिनल लॉ, नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट और राइट टू इनफार्मेशन का कोर्स अनिवार्य है।

विश्वहिन्दू महासंघ उत्तरप्रदेश ने रामौतार पाठक को बनाया जिला सह-प्रभारी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश तथा गोरक्षपीठाधीश्वर योगी महाराज जी में आस्था रखने मार्गदर्शन एवं विचार-विमर्श के बदलाव किया गया है। प्रदेश आदेशानुसार तथा संभाग प्रभारी प्रभारी ओमपाल मौर्य एवं बरेली निर्देशन में रामौतार पाठक को करते हुए जिला सह-प्रभारी के

वाले संगठन के कार्यकर्ताओं के पश्चात महत्वपूर्ण संगठनात्मक अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के शरद प्रजापति जी, बरेली मंडल जिलाध्यक्ष देवेश कुमार पटेल के बरेली में जिला मंत्री पद से पदोन्नत पद पर नियुक्त किया गया है। संगठन ने उनके कार्यों, समर्पण एवं संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह दायित्व सौंपा है। इस अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ उत्तर प्रदेश की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक मंगलकामनाएँ दी गईं। मंडल प्रभारी बरेली ओमपाल मौर्य ने रामौतार पाठक को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनकी नियुक्ति से संगठन और अधिक सशक्त एवं गतिशील होगा।

शहर में स्थाई एवं अस्थाई रैन बसेरों में लोगों के ठहरने के लिए है समुचित व्यवस्थाएं-अपर नगर आयुक्त

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / शहर में ठंड से बचाव हेतु जगह-जगह अलाव हेतु डाली जा रही है लकड़ियां बरेली । अपर नगर आयुक्त शशि भूषण ने बताया है कि शीत लहर के दृष्टिगत जनपद में अस्थाई रैन बसेरे बनाए गए हैं जहां लोगों के ठहरने के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई है। रैन बसेरों में लोगों को पहुंचने में असुविधा ना हो इस दृष्टि से नगर निगम मार्केट, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर दिशा सूचक बोर्ड लगवाये गये हैं।उन्होंने बताया कि सक्षम स्तर से समिति भी गठित की गयी है जो प्रतिदिन भ्रमण कर ठंड में बाहर सो रहे लोगों को रैन बसेरे में पहुंचाती है। ठंड से बचाव हेतु जगह-जगह अलाव की व्यवस्था के लिए जलौनी लकड़ियां भी डाली जा रही है। आमजन से अनुरोध किया है कि ठण्ड के मौसम खुले में सोने के बजाय रैन बसेरों में आश्रय लेना अपने स्वास्थ के प्रति आवश्यक है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

सुन्दर कांड एवं हवन पूजन के साथ किया नव वर्ष का स्वागत - डॉ0 रजनीश सक्सेना

